# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 492 वर्ष 39

राँची, जून, 2015

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस – 2015




सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह अन्य गणमान्यों के साथ योगाभ्यास करते हुए

''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर विगत 21.06.2015 को गांधीनगर क्लब में आयोजित ''योग जागरूकता'' शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और योग की महत्ता को जाना। कार्यक्रम की शुरूआत सीएमडी, श्री गोपाल सिंह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह एवं निदेशकगणों ने दीप प्रज्जवलित कर की।

नई दिल्ली के इंडिया गेट पर आयोजित योग कार्यक्रम में भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने प्राणायाम और विभिन्न आसन किये, उनके साथ–साथ नई दिल्ली से सीधे प्रसारित कार्यक्रम को देखकर सी.सी.एल. के सीएमडी, श्री गोपाल सिंह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक(तक./संचालन) श्री पी.के. तिवारीनिदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक(योजना एवं परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रीता रेखा चन्द्रा, सी.सी.एल. के कर्मियों तथा आम लोगों ने भी विभिन्न प्राणायाम और आसन कर योगाभ्यास किया। ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर सी.सी.एल. के सभी क्षेत्रों में भी योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी को योग की महत्ता के बारे में बताया और कहा कि पूरे विश्व के 197 देश इस ''योग जागरूकता'' अभियान में शामिल हैं। उन्होंने सभी से आवाह्न किया कि स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 35 मिनट अपने लिए निकालें और योग करें।

श्री सिंह ने कहा कि सी.सी.एल. परिवार में 44,549 सदस्य हैं। यदि घर का प्रत्येक सदस्य निरोग रहता है तो खुशहाली का वातावरण बनता है, उसी प्रकार यदि सी.सी.एल. परिवार के सभी सदस्य निरोग–स्वस्थ रहें तो कंपनी के कार्यनिष्पादन में भी वृद्धि होगी, इससे कंपनी के साथ–साथ झारखंड राज्य और देश का भी विकास होगा।

श्री आर.एस. महापात्र ने सभी को ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' की हार्दिक बधाई दी और कामना की कि आप सभी के चेहरों पर स्थाई मुस्कान बनी रहे।

## निदेशक (कार्मिक) तथा निदेशक (तक.–यो./परियोजना) सम्मानित



सीएमडी श्री गोपाल सिंह, श्री राधेश्याम महापात्रा एवं श्री सुबीर चन्द्रा को सम्मानित करते हुए

सी.सी.एल. के नये निदेशक (कार्मिक), श्री राधेश्याम महापात्र तथा निदेशक (तक.–योजना/परियोजना), श्री सुबीर चन्द्रा ने अपना–अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यालय के ''विचार मंच'' में सी.सी.एल. परिवार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन कर निदेशकद्वय को सम्मानित किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस – 2015

विगत 05 जून को मुख्यालय तथा सभी क्षेत्रों में ''विश्व पर्यावरण दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सीसीएल मुख्यालय में मुख्य सत्तर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद ने उपस्थित सीसीएल कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा पर्यावरण झंडोत्तोलन किया। इसके पूर्व श्रीमती संगीता ने कोल इंडिया अध्यक्ष श्री एस. भट्टाचार्य का विश्व पर्यावरण दिवस पर संदेश पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (संचालन), श्री पी.के.गुइन, महाप्रबंधक (का./औ.सं.) श्री आर.एस.महापात्र, महाप्रबंधक (यू/जी), श्री जे.एल.सिंह, सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद ने आह्वान किया कि प्रकृति को सुदंर बनाने में हम सभी अपना अतुलनीय योगदान दें। श्री प्रसाद ने कहा कि कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनीयों ने अबतक 82.67 मिलियन पौधों का रोपण अपने कार्य–क्षेत्र में किया है।

सीसीएल, जवाहरनगर प्रेक्षागृह में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीएमडी, सीसीएल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह उपस्थित थी। समारोह में श्रीमती प्रमिला सिंह ने विगत 02 जून से चली आ रही पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए विजयी प्रतिभागीयों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनको आगे और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।



मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए

## ऑक्युपेशनल डिजिज एवं श्रम कानून पर कार्यशाला



निदेशक (कार्मिक) सीसीएल मुख्य अतिथि श्री जी. एस. दोरायबुरू का स्वागत करते हुए

सीसीएल, मुख्यालय, के ''विचार मंच'' में विगत 19 जून को ऑक्युपेशनल डिजिज एवं श्रम कानून संबंधित मुद्दों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

निदेशक(कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केन्द्रीय), रांची श्री जी.एस. दोरायबुरू, श्रम प्रवर्तन अधिकारी (केन्द्र) सर्वश्री पवन कुमार एवं अमन टोप्पो, रांची, डॉ वी.के. शर्मा, सी.एम.एस. तथा सभी क्षेत्रों के स्टॉफ ऑफिसर(कार्मिक), क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी, गांधीनगर अस्पताल के चिकित्सक तथा मुख्यालय, रांची के कार्मिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

क्षेत्रीय श्रम आयुक्त(केंद्रीय), रांची तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जी.एस.दोरायबुरू ने अपने संबोधन में ठेका श्रमिकों से संबंधित मुद्दों पर उपस्थित सभी को विस्तार से जानकारी दी।

निदेशक(कार्मिक) श्री आर.एस.महापात्र ने इस अवसर पर कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष (2014–15) में कंपनी ने 55.64 मिलियन टन उत्पादन कर एक कीर्तिमान बनाया है। श्री महापात्र ने बताया कि सी.सी.एल. ठेका श्रमिकों के चिकित्सीय सुविधा और अन्य कल्याण संबंधी कार्यो की दिशा में कार्य कर रहा है तथा इसे और बेहतर किया जायेगा।

डॉ. वी.के. शर्मा, सी.एम.एस., सी.सी.एल. ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से ऑक्युपेशनल डिजिज के बारे में विस्तार से बताया तथा कहा कि 07 से 10 वर्ष तक लगातार एक ही कार्यस्थल पर कार्य करने से न्यूमोकोनोशिस, स्थमा, ब्रोंकोजेनिक, कार्सिनोमा आदि बीमारियाँ हो सकती हैं जिससे सावधानी बरतकर ही बचाव किया जा सकता है।

## सफाई अभियान – सीएमडी सीसीएल ने कर्मियों को प्रेरित किया

सीसीएल, मुख्यालय में विगत 22 जून को सफाई अभियान का शुभारंभ हमारे सीएमडी, श्री गोपाल सिंह ने दरभंगा हाउस परिसर के सामने निदेशक (वित्त), श्री डी.के. घोष, निदेशक (तक./संचालन), श्री पी.के. तिवारी, निदेशक (कार्मिक), श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (योजना एवं परियोजना), श्री सुबीर चन्द्रा, मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष तथा सीसीएल कर्मियों के साथ झाड़ू लगा कर किया। यह सफाई अभियान 22 जून, 2015 से 26 जून, 2015 तक सीसीएल मुख्यालय के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में चलाया गया।

सीएमडी श्री सिंह ने सभी सीसीएल कर्मियों से आह्वान किया कि कोयला उत्पादन के साथ–साथ इस देशव्यापी सफाई अभियान में भी अपना सर्वोत्तम योगदान देकर एक उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों को सुनिश्चित करना होगा कि खदानों, कर्मशालाओं और ईकाईयों को नियमित रूप से साफ–सुथरा रखें।



सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य गणमान्य सफाई अभियान का शुभारंभ करते हुए

**किसी भी डर या चिंता को गाँठ बांधकर ना रखें। समय बीत जाने पर पता चलता है कि बेवजह डर पालने के कारण ना जाने खुश होने के कितने अवसर पीछे छूट गए – बाल गंगाधर तिलक**

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : जयेश रावल, जनसम्पर्क सहायक, सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)